INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

2022

राजस्थान P. T. I. ग्रेड -3rd (पेपर - 1)

(शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक)

HANDWRITTEN NOTES

भाग -1 राजस्थान भूगोल + इतिहास + संस्कृति + राजव्यवस्था

LATEST EDITION

INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

राजस्थान P.T.I.
ग्रेड – 3rd

(शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक)
2022

पेपर – I

भाग – I

राजस्थान भूगोल + इतिहास + संस्कृति + राजव्यवस्था

प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान P.T.I. (शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक)" (3rd Grade)** को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर (RSMSSB)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान P.T.I. (शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक)" (3rd Grade)** भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302017 (RAJASTHAN)

मो : 01414045784, 8233195718

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

मूल्य : ₹ 540

संस्करण : नवीनतम (2022)

राजस्थान का भूगोल

1. स्थिति एवं विस्तार	1
2. राजस्थान के भौतिक विभाग	13
3. जलवायु	24
4. (अपवाह तंत्र) नदियाँ एवं झीलें	27
5. राजस्थान की वनस्पति	45
6. कृषि	51
7. पशुधन	58
8. राजस्थान में डेयरी विकास	61
9. जनसंख्या वितरण, विकास, साक्षरता, और लिंगानुपात	63
10. जनजातियाँ	76
11. राजस्थान के प्रमुख उद्योग	80
12. राजस्थान की विभिन्न योजनाएं	84
13. बजटीय रुझान / राजस्थान का बजट	89
14. प्रमुख पर्यटन केंद्र	98

राजस्थान का इतिहास

1. राजस्थान की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता 105

- कालीबंगा
- आहड़ सभ्यता
- गणेश्वर सभ्यता
- बैराठ सभ्यता

2. 8 वीं से 18 वीं शताब्दी तक राजस्थान का इतिहास 109

3. अजमेर के चौहान 113

4. दिल्ली सल्तनत के साथ संबंध (मेवाड़, रणथम्भौर और जालौर) 115

- राणा सांगा
- महाराणा प्रताप सिंह
- राजसिंह
- चन्द्रसेन
- मानसिंह
- महाराजा रायसिंह

5. किसान और आदिवासी आंदोलन 165

6. प्रजामंडल आंदोलन 177

7. राजस्थान का एकीकरण 181

8. इतिहास में महिलाओं की भूमिका 187

राजस्थान की कला व संस्कृति

1. लोक देवता और लोक देवियाँ 190

2. राजस्थान के संत 198

3. वास्तुकला – मंदिर किले और महल 205

4. पेंटिंग्स – चित्रकला 219

5. मेले और त्यौहार 227

6. सामाजिक रीति - रिवाज , प्रथाएं 238

7. वस्त्र एवं आभूषण 249

8. लोक संगीत और लोक नृत्य 254

9. भाषा और साहित्य 264

राजस्थान की राजव्यवस्था

1. राज्यपाल	279
2. मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल की भूमिका और कार्य	284
3. राज्य सचिवालय और प्रमुख सचिव	290
4. राजस्थान लोक सेवा आयोग संगठन और भूमिका	297
5. राज्य मानवाधिकार आयोग संगठन और भूमिका	298
6. राजस्थान में पंचायती राज	300

राजस्थान का भूगोल

अध्याय – I

स्थिति एवं विस्तार

राजस्थान का विस्तार -

राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°3" से 30° 12" उत्तरी अक्षांश ही तक है जबकि राजस्थान का देशांतरीय विस्तार 69°30" से 78°17" पूर्वी देशांतर है।



नोट :- राजस्थान का कुल अक्षांशीय विस्तार **7° 9"(30°12" 23°3")** है तथा कुल देशांतरीय विस्तार **8°47" (78°17" 69°30")** है।

1° = 4 मिनट

1° =111.4 किलोमीटर होता है।

अक्षांश रेखाएँ :- वह रेखाएँ जो ग्लोब पर पश्चिम से पूर्व की ओर बनी हुई हैं, अथार्त भूमध्य रेखा से किसी भी स्थान की उत्तरी अथवा दक्षिणी ध्रुव की ओर की कोणीय दूरी को अक्षांश रेखा कहते हैं। भूमध्य रेखा को अक्षांश रेखा माना गया है। (देखें मानचित्र-I)

ग्लोब पर कुछ अक्षांशों की संख्या (90 डिग्री उत्तरी गोलार्द्ध में और 90 डिग्री दक्षिणी गोलार्द्ध में) कुल 180 डिग्री है तथा अक्षांश रेखा को शामिल करने पर इनकी संख्या 181 होती है।

देशांतर रेखाएँ :- उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव को मिलाने वाली 360 डिग्री रेखाओं को देशांतर रेखाएँ कहा जाता है। ग्रीनविच, जहाँ ब्रिटिश राजकीय वेधशाला स्थित है, से गुजरने वाली यामोत्तर से पूर्व और पश्चिम की ओर गिनती शुरू की जाए। इस यामोत्तर को प्रमुख यामोत्तर कहते हैं। इसका मान देशांतर है तथा यहां से हम 180 डिग्री पूर्व या 180° डिग्री पश्चिम तक गणना करते हैं।

- राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर है, जो कि संपूर्ण भारत का 10.41% है। भारत का कुल क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किलोमीटर है जो संपूर्ण विश्व का 2.42% है।
- 1 नवंबर 2000 से पूर्व क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य मध्यप्रदेश था । लेकिन 1 नवंबर 2000 के बाद मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ को अलग हो जाने पर भारत का सबसे बड़ा राज्य क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान बन गया ।
- 2011 में राजस्थान की कुल जनसंख्या 6,85,48,437 थी, जो कि कुल देश की जनसंख्या का 5.67% है।

- **कर्क रेखा राजस्थान में स्थित :-**



कर्क रेखा भारत के 8 राज्यों से होकर गुजरती है-

1.गुजरात 2.राजस्थान 3.मध्यप्रदेश 4.छत्तीसगढ़ 5.झारखंड 6. पश्चिम बंगाल

7.त्रिपुरा 8.मिजोरम

राजस्थान में कर्क रेखा बाँसवाड़ा जिलें के मध्य से कुशलगढ़ तहसील से गुजरती है। इसके अलावा कर्क रेखा डूंगरपुर जिलें को भी स्पर्श करती है, अर्थात् कुल दो जिलों से होकर गुजरती है।

राजस्थान में कर्क रेखा की कुल लंबाई 26 किलोमीटर है। राजस्थान का सर्वाधिक भाग कर्क रेखा के उत्तरी भाग में स्थित है।

राजस्थान का कर्क रेखा से सर्वाधिक नजदीकी शहर बाँसवाड़ा है।

भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी पड़ती हैं, अतः वहां पर तापमान अधिक होता है। जैसे-जैसे भूमध्य रेखा से दूरी बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सूर्य की किरणों का तिरछापन बढ़ता जाता है और तापमान में कमी आती जाती है।

राजस्थान में बाँसवाड़ा जिलें में सूर्य की किरणें सर्वाधिक सीधी पड़ती है जबकि गंगानगर में सर्वाधिक तिरछी पड़ती है।

कारण :- बाँसवाड़ा सर्वाधिक दक्षिण में स्थित है, तथा श्रीगंगानगर सबसे उत्तर में स्थित है।

राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के अनुसार राज्य का सबसे गर्म जिला बाँसवाड़ा होना चाहिए, एवं राज्य का सबसे ठंडा जिला श्रीगंगानगर होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में राज्य का सबसे गर्म व सबसे ठंडा जिला चूरु है। यह जिला सर्दियों में सबसे अधिक ठंडा एवं गर्मियों में सबसे अधिक गर्म रहता है इसका कारण यहां पाई जाने वाली रेत व जिप्सम है।



(निम्न मानचित्र को ध्यान से समझिए) -



पूर्वी देशांतरीय भाग सूर्य के सबसे पहले सामने आता है, इस कारण सर्वप्रथम सूर्योदय व सूर्यास्त



राजस्थान के पूर्वी भाग धौलपुर में होता है, जब कि सबसे पश्चिमी जिला जैसलमेर है। अतः जैसलमेर में सबसे अंत में सूर्योदय व सूर्यास्त होता है।

विस्तार :-राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण तक की कुल लंबाई 826 किलोमीटर है तथा इसका विस्तार उत्तर में श्रीगंगानगर जिलें के कोणा गांव से दक्षिण में बाँसवाड़ा जिलें की कुशलगढ़ तहसील के बोरकुंड गांव तक है।

इसी प्रकार पूरब से पश्चिम तक की चौड़ाई 869 किलोमीटर है तथा विस्तार पूरब में धौलपुर जिलें के सिलाना गांव से पश्चिम में जैसलमेर जिलें के कटरा गांव तक है।

आकृति :-

विषम कोणीय चतुर्भुज या पतंग के आकार के समान है।

राज्य की स्थलीय सीमा5920 किलोमीटर (1070 अंतर्राष्ट्रीय व 4850 अंतर्राज्यीय) है।

रेडक्लिफ रेखा :-

रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के मध्य स्थित है। इसके संस्थापक सर सिरिल एम रेडक्लिफ को माना जाता है। इसकी स्थापना 14/15 अगस्त 1947 को की गई। इसकी भारत के साथ कुल सीमा 3,310 किलोमीटर है।

रेडक्लिफ रेखा पर भारत के चार राज्य स्थितहैं।

1. जम्मू-कश्मीर (1216 कि.मी.)
2. पंजाब (547 कि.मी.)
3. राजस्थान (1070 कि.मी.)
4. गुजरात (512 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा के साथ सर्वाधिक सीमा- राजस्थान (1070 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा के साथ सबसे कम सीमा- गुजरात(512 कि.मी.)

रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक नजदीक राजधानी मुख्यालय :- श्रीनगर

रेडक्लिफ रेखा के सर्वाधिक दूर राजधानी मुख्यालय :- जयपुर

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में बड़ा राज्य :- राजस्थान

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्र में सबसे छोटा राज्य :- पंजाब

रेडक्लिफ रेखा के साथ राजस्थान की कुल सीमा 1070 कि.मी. है। जो राजस्थान के चार जिलों से लगती है।

1. श्रीगंगानगर - (210 कि.मी.)
2. बीकानेर - (168 कि.मी.)
3. जैसलमेर - (464 कि.मी.)
4. बाड़मेर - (228 कि.मी.)

रैडक्लिफ रेखा राज्य में उत्तर में गंगानगर के हिंदुमल कोट से लेकर दक्षिण में बाड़मेर के शाहगढ़ बाखासर गाँव तक विस्तृत है।

रेडक्लिफ रेखा पर पाकिस्तान के 9 जिलें पंजाब प्रान्त का बहावलपुर, बहावल नगर व रहीमयार खान तथा सिंध प्रान्त के घोटकी, सुक्कुर, खेरपुर, संघर, उमरकोट व थारपारकर राजस्थान से सीमा बनाते हैं।

राजस्थान के साथ सर्वाधिक सीमा-बहावलपुर

राजस्थानके साथ न्यूनतम सीमा- खैरपुर

पाकिस्तान के दो राज्य (प्रांत) राजस्थान से छुते हैं।

1. पंजाब प्रांत
2. सिंध प्रांत

[रेडक्लिफ रेखा एक कृत्रिम रेखाहै।]

राजस्थान से सर्वाधिक सीमा जैसलमेर (464 कि.मी.) व न्यूनतम सीमा बीकानेर(168 कि.मी.) की रेडक्लिफ रेखा से लगती है।

रेडक्लिफ के नजदीक जिला मुख्यालय :- श्रीगंगानगर

रेडक्लिफ के सर्वाधिक दूर जिला मुख्यालय :- बीकानेर

रेडक्लिफ पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला :- जैसलमेर

रेडक्लिफ रेखा पर क्षेत्रफल में छोटा जिला :- श्रीगंगानगर

राजस्थान के केवल अन्तराष्ट्रीय सीमा वाले जिलें - 2 (बीकानेर, जैसलमेर)

राजस्थान के परिधिय जिलें :- 25

राजस्थान के अंतर्राज्यीय सीमा वाले जिलें :- 23

राजस्थान के केवल अंतर्राज्यीय सीमा वाले जिलें :- 21

राजस्थान के 2 ऐसे जिलें हैं जिनकी अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सीमा है :- गंगानगर (पाकिस्तान + पंजाब), बाड़मेर(पाकिस्तान + गुजरात)

राजस्थान के 4 जिलें ऐसे है, जिनकी सीमा दो - दो राज्यों से लगती है-

- हनुमानगढ़ :- पंजाब + हरियाणा
- भरतपुर :- हरियाणा + उतरप्रदेश
- धौलपुर :-उतरप्रदेश + मध्यप्रदेश
- बाँसवाड़ा :- मध्यप्रेदश + गुजरात

राजस्थान की अन्य राज्यों से सीमाएँ :-

पंजाब (89 कि.मी.)

राजस्थान के दो जिलों की सीमा पंजाब से लगती है तथा पंजाब के दो जिलें फाजिल्का व मुक्तसर की सीमा राजस्थान से लगती है । पंजाब के साथ सर्वाधिक सीमा श्रीगंगानगर व न्यूनतम सीमा हनुमानगढ़ की लगती है। पंजाब सीमा के नजदीक जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर तथा दूर जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ है। पंजाब सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला श्रीगंगानगर व छोटा जिला हनुमानगढ़ है।



हरियाणा (1262 कि.मी.) :-

राजस्थान के 7 जिलों की सीमा हरियाणा के 7 जिलों :- सिरसा, फतेहबाद, हिसार, भिवाड़ी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, मेवात से लगती है। हरियाणा के साथ सर्वाधिक सीमा हनुमानगढ़ व न्यूनतम सीमा जयपुर की लगती है तथा सीमा के नजदीक जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ व दूर मुख्यालय जयपुर का है। हरियाणा सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला चुरू व छोटा जिला झुंझुनू है । मेवात (नुह) नव निर्मित जिला है जो राजस्थान के अलवर जिलें को छूता है।

उत्तरप्रदेश (877 कि.मी.) :-

राजस्थान के दो जिलों की सीमा उत्तरप्रदेश के दो जिलों (मथूरा व आगरा) से लगती है। उत्तरप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा भरतपुर व न्यूनतम धौलपुर की लगती है। उत्तरप्रदेश की सीमा के नजदीक जिला

मुख्यालय भरतपुर व दूर जिला मुख्यालय धौलपुर है। उत्तरप्रदेश की सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला भरतपुर व छोटा जिला धौलपुर है।



मध्यप्रदेश (1600 कि.मी.) :-

राजस्थान के 10 जिलों की सीमा मध्य प्रदेश के 10 जिलों की सीमा से लगती है।(झाबुआ, रतलाम, मंदसौर,निमच, अगरमालवा, राजगढ, गुना, शिवपुरी, श्यौपुर, मुरैना) मध्यप्रदेश के साथ सर्वाधिक सीमा झालावाड़ व न्यूनतम भीलवाड़ा की लगती है तथा सीमा के नजदीक मुख्यालय धौलपुर व दूर जिला मुख्यालय भीलवाड़ा है। मध्यप्रदेश की सीमा पर क्षेत्रफल में बड़ा जिला भीलवाड़ा व छोटा जिला धौलपुर है।

गुजरात (1022 कि.मी.) :-

राजस्थान के 6 जिलों की सीमा गुजरात के 6 जिलों से लगती है। (कच्छ, बनासकांठा, साबरकांठा, अरावली, माहीसागर, दाहोद)गुजरात के साथ

नोट – प्रिय पाठकों ,यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **"राजस्थान P.T.I. (शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक)" (3rd Grade)"- 2022 (PAPER -I)"** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

संपर्क करें – 8233195718, 8504091672, 9694804063, 9887809083

प्रिय दोस्तों, अब तक हमारे नोट्स में से अन्य परीक्षाओं में आये हुए प्रश्नों के परिणाम –

EXAM (परीक्षा)	DATE	हमारे नोट्स में से आये हुए प्रश्न
RAS PRE. 2021	27 अक्टूबर	74 (cut off- 64)
SSC GD 2021	16 नवम्बर	68 (100 में से)
SSC GD 2021	30 नवम्बर	66 (100 में से)
SSC GD 2021	01 दिसम्बर	65 (100 में से)
SSC GD 2021	08 दिसम्बर	67 (100 में से)
राजस्थान S.I. 2021	13 सितम्बर	113 (200 में से)
राजस्थान S.I. 2021	14 सितम्बर	119 (200 में से)
राजस्थान S.I. 2021	15 सितम्बर	126 (200 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्टूबर (1st शिफ्ट)	79 (150 में से)

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	103 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	24 अक्तूबर (1st शिफ्ट)	95 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	24 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	91 (150 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (1st शिफ्ट)	59 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	61 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	28 दिसंबर (1st शिफ्ट)	56 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	28 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	57 (100 में से)
U.P. SI 2021	14 नवम्बर 2021 1st शिफ्ट	91 (160 में से)
U.P. SI 2021	21नवम्बर2021 (1st शिफ्ट)	89 (160 में से)

दोस्तों, इनका proof देखने के लिए नीचे दी गयी लिंक पर क्लिक करें या हमारे youtube चैनल पर देखें –

RAS PRE. – https://www.youtube.com/watch?v=p3_i-3qfDy8&t=136s

VDO PRE. – https://www.youtube.com/watch?v=gXdAk856W18&t=202s

Patwari – https://www.youtube.com/watch?v=X6mKGdtXyu4&t=103s

अन्य परीक्षाओं में भी इसी तरह प्रश्न आये हैं Proof देखने के लिए हमारे youtube चैनल (Infusion Notes) पर इसकी वीडियो देखें या हमारे नंबरों पर कॉल करें।

FREE SAMPLE

संपर्क करें– 8233195718, 9694804063, 8504091672, 9887809083

ONLINE ORDER के लिए OFFICIAL WEBSITE	Website- https://bit.ly/3ct5pyA
PHONE NUMBER	+918233195718 +918504091672 9694804063 01414045784,
TELEGRAM CHANNEL	https://t.me/infusion_notes
FACEBOOK PAGE	https://www.facebook.com/infusion.notes
WHATSAPP करें 	https://wa.link/4mbler

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

अध्याय – 2

राजस्थान के भौतिक विभाग



नोटः- प्रिय पाठकों जैसा कि आपको ज्ञात है कि राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य है। इस विशाल राज्य में रेगिस्तान, नदियाँ, पर्वत एवं पहाडियाँ, पठार अलग-अलग क्षेत्रों में पाये जाते है । इन की वजह से राजस्थान को चार भौतिक प्रदेशों में बाँटा गया है-

1. पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश – वह क्षेत्र जहाँ पर रेगिस्तान पाया जाता हैं

2. अरावली पर्वतमाला- वह क्षेत्र जहाँ पर अरावली पर्वतमाला का विस्तार है।

3. पूर्वी मैदानी प्रदेश- वह क्षेत्र जहाँ पर अधिकांश दोमट व जलोढ मिट्टी पाई जाती हैं

4. दक्षिणी-पूर्वी पठारी प्रदेश- वह क्षेत्र जहाँ पर अधिकांश मात्रा में काली मिट्टी पाई जाती है । इस क्षेत्र को हाड़ोती का पठार भी कहते है।

प्रिय छात्रों, इन चारों प्रदेशों का विस्तृत वर्णन इस प्रकार है-

1. ***पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेशः-*** जैसा कि पहले ही अवगत कराया जा चुका है कि राजस्थान का पश्चिमी मरूस्थलीय क्षेत्र टेथिस सागर का अवशेष है, और अरावली क्षेत्र गोंडवाना लैण्ड का हिस्सा है।

पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश का सामान्य परिचयः-

वर्तमान में रेगिस्तान का विस्तार राज्य के कुल 61.11 प्रतिशत हिस्से पर है।

नोटः-पहले ये क्षेत्र केवल 58 प्रतिशत भाग पर ही सीमित था, लेकिन वर्तमान में अरावली पर्वतमाला के कटी – फटी होने के कारण मरूस्थल का विस्तार पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ रहा है।

अरावली पर्वतमाला के पश्चिम में कुल 12 जिलें स्थित हैं, उनमें से 12 जिलों में रेगिस्तान का विस्तार है । यह जिलें निम्न प्रकार हैं-

1. बीकानेर संभाग - बीकानेर, चुरू, हनुमानगढ़ , श्रीगंगानगर

2. जोंधपुर संभाग - जोंधपुर , जैसलमेर, जालौर, बाड़मेर, पाली (अपवाद- सिरोही)

3. शेखावाटी क्षेत्र - सीकर, झुंझुनू

4. अजमेर संभाग – नागौर

नोटः – राज्य के सिरोही जिलें में मरूस्थल का विस्तार नहीं है अर्थात् अरावली के पश्चिम में स्थित 13 जिलों में से सिरोही एक मात्र ऐसा जिला है, जो मरूस्थलीय जिलों की श्रेणी में शामिल नहीं है।

थार का रेगिस्तान राजस्थान के उत्तर-पश्चिम भाग और पाकिस्तान में सिंध तथा पंजाब तक फैला है। यह उत्तर – पश्चिम में 644 किमी. लम्बा और 360 किमी चौड़ा है । इस का सामान्य ढाल उत्तर – पूर्व से दक्षिण –पश्चिम की ओर है । मरूस्थल का ऊँचा उठा हुआ उत्तर-पूर्वी भाग 'थली' तथा दक्षिण-पश्चिम भाग नीचे का 'तली' कहलाता है।

इस मरूस्थलीय क्षेत्र में राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है।

यह विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला मरूस्थल है तथा इसके अलावा यह विश्व में जैव विविधता वाला मरूस्थल भी है।

थार के मरूस्थल की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ है कि यह विश्व का एक मात्र ऐसा मरूस्थल है, जिसके निर्माण में दक्षिण-पश्चिम मानसूनी हवाओं का मुख्य योगदान है। थार का मरूस्थल भारतीय उपमहाद्वीप में ऋतु चक्र को भी नियंत्रित करता है । ग्रीष्म काल में तेज गर्मी के कारण इस प्रदेश में न्यून वायु दाब केन्द्र विकसित हो जाता है जो दक्षिण-पश्चिमी मानसूनी हवाओं को आकर्षित करता है। ये हवायें सम्पूर्ण प्रायद्वीप में वर्षा करती है । भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून को आकर्षित करने में इस मरूस्थल की उपस्थिति अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

इस क्षेत्र में शुष्क एवं अत्यंत विषम जलवायु पाई जाती है और तापमान गर्मियों में अत्यधिक (49°C तक) तथा सर्दियों में न्यूनतम (3° C तक) रहता है।

आंकल जीवाश्म पार्क, जलोद्भिद तल छट वाली ग्रेनाइट, खनिज तेल इत्यादि से इस तथ्य की पुष्ठि होती है, कि थार का मरूस्थल 'पर्मा का बोनिफेरस युग' में टेथिस सागर का हिस्सा था।

थार का मरूस्थल 'पेकियो आर्कटिक अफ्रीका' मरूस्थल का ही पूर्वी भाग है।

थार के मरूस्थल में स्थित प्रमुख उद्यान 'राष्ट्रीय मरूउद्यान

<u>मरूभूमि राष्ट्रीय उद्यान</u>

इस क्षेत्र की प्रमुख फसलें बाजरा, मोठ, ग्वार, इत्यादि है तथा प्रमुख नदी 'लूनी 'है तथा प्रमुख नहर 'इंदिरा गाँधी' नहर है ।

इस क्षेत्र में तीन प्रकार का मरुस्थल पाया जाता है :-'

1. इर्ग 2. हम्मादा 3. रेग

रेतीले मरुस्थल को 'इर्ग' कहा जाता है।

पथरीले मरुस्थल को हम्मादा कहा जाता है इसका विस्तार जैसलमेर, जोधपुर , बाड़मेर व जालौर तक है।

ऐसा मरुस्थल जिसमें रेत व पत्थर दोनों पाये जाते हैं अर्थात् मिश्रित मरुस्थल को ' रैग' कहा जाता है। यह जैसलमेर के निकट रामगढ़ बलोदृवा क्षेत्रों में पाया जाता है।

प्रसिद्ध जन्तु वैज्ञानिक डॉ. ईश्वर प्रकाश ने कहा है कि राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र को मरू क्षेत्र नहीं कहकर 'रूक्ष क्षेत्र 'कहा जाये क्योंकि यहाँ पर पर्याप्त मात्रा में जैव विविधता पाई जाती है।

राज्य का मरुस्थल ऊष्ण मरुस्थल की श्रेणी में आता है यहां की बलूईया रेतीली मिट्टी से धोरों का निर्माण होता है, जिन्हे टीले , टीबे तथा बालूका स्तुप कहा जाता है। जैसलमेर की स्थानीय भाषा में धरियन कहा जाता है। धोरे या टीलों के तीन प्रकार होते है-

अनुद्धैर्य - हवा के समानान्तर बनने वाले

अनुप्रस्थः- हवा के लम्बत (समकोण पर) बनने वाले टीलें

बरखानः- अर्धचन्द्राकार आकृति वाले धोरे

नोटः- बरखान प्रकार के धोरे सर्वाधिक नुकसानदायी एवं सर्वाधिक अस्थिर होते है।

नोटः- जोधपुर राज्य का एकमात्र ऐसा जिला है जिसमें सभी प्रकार के बालुका स्तूप पाये जाते है।

मरुस्थल में पाई जाने वाली प्रमख संरचनाए तथा शब्दावली

1. **लाठी सीरीज :-** पाकिस्तान देश के सहारे (पास में) पोकरण से मोहनगढ़ तक की क्षेत्र लाठी सारिज के नाम से जाना जाता है।

- 2007 में काजरी के वैज्ञानिकों द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि इस क्षेत्र में 80 मीटर लम्बी तथा 60 मीटर चौड़ी एक भूगर्भिक जल पट्टी का विस्तार है।
- इस क्षेत्र में धामण, करड, अजाण, लीलोण, सेवण घास मुख्य रूप से पायी जाती है।
- **नोट :-** सेवण घास का कटा हुआ रूप लीलण कहलाता है।
- राज्य का राज्य पक्षी गोड़ावण अपने अण्डे सेवण घास पर देता है । इसी कारण सेवण घास को गोड़ावण पक्षी की प्रजनन स्थली कहा जाता है।
- इसी क्षेत्र में जैसलमेर जिलें की सम तहसील में चन्दन गांव में एक मीठे पानी का जल स्त्रोत (कुआँ) है। जिससे प्रति घन्टे में लगभग 2.30 लाख लीटर मीठा पानी निकलता है । इसे चन्दन नलकूप या 'थार का घड़ा' भी कहा जाता है। इस कुएं का वास्तविक नाम 'चौहान' है।

2. पीवणा :- इस क्षेत्र में पाये जाने वाला जहरीला सर्प जो डंक नहीं मारता बल्कि रात्रि में सोते हुए व्यक्ति को श्वांस के द्वारा जहर देकर मारता है।

3. मावठ / महावठ / शीतकालीन वर्षाः - पश्चिमी विक्षोभों तथा भूमध्य सागरीय चक्रवातों से शीत काल में होने वाली वर्षा जो रबी की फसल के लिये उपयोगी होती है मावठ कहलाती है।

4. नेहड़ :- लगभग 100 वर्ष पूर्व राज्य के जालौर तथा बाड़मेर जिलें में समुद्र का जल आकर ठहरता था । अतः जालौर व बाड़मेर जिलें का क्षेत्र नेहड़ कहलाता था। नेहड़ का शाब्दिक अर्थ होता है 'समुद्र का जल'।

मरुस्थलीय क्षेत्र में जल संचय के तरीके

1. **आगोर :-** प्राचीन काल में मरुस्थलीय क्षेत्र में वर्षा के जल का संचय करने के लिये टांके बनाये जाते थे , जिन्हे आगोर कहा जाता था

2. **खड़ीन :-** कृषि के लिए वर्षा जल का संचय करना ।

3. **नाडी :-** मानव के दैनिक आवश्यकताओं तथा पशुपालन के लिये वर्षा का जल संचय करना।

4. **टोबा :-** नाडी को कृत्रिम रूप से और अधिक गहरा करना टोबा कहलाता है।

5. **बेरी :-** खडीन तथा नाड़ी के पास जो जल का रिसाव होता था उस जल को पुनः उपयोग में लाने हेतु इनके आस-पास छोट-छोटे कुँए बना दिये जाते थे जिन्हे बेरी कहा जाता है।

6. **प्लाया** :- सामान्य भाषा में गहरे पानी की बड़ी झीलों को प्लाया कहा जाता है । वर्षा काल में वर्षा का जल मरुस्थल के बड़े-बड़े गर्तो में आने के बाद वहाँ की मिट्टी से लवणता को प्राप्त कर खारा हो जाता है । ऐसे बड़े गर्तों को प्लाया कहा जाता है। सर्वाधिक प्लाया झीलें जैसलमेर में है।

7. **रन/टाट/ढाढ** :- मरुस्थल में रेत के छोटे-छोटे गड्ढे जिनमें वर्षा का जल आकर ठहरता है तथा मिट्टी से लवणता को प्राप्त कर खारा हो जाता है। ऐसे छोटे-छोटे गड्ढे रन/टाट/ढाढ कहे जाते है।

8. **मिली/पोखर** :- छोटे-छोटे ऐसे गड्ढे जिन में वर्षा का मीठा जल आकर ठहरता है तिल्लीया पोखर कहलाते है।

महत्वपूर्ण तथ्य -

खादर :- चंबल बेसिन में 5 से 30 मीटर गहरी खड्ड युक्त बीहड़ भूमि को स्थानीय भाषा में खादर कहते हैं ।

धोरे :- रेगिस्तान में रेत के बड़े-बड़े टिले, जिनकी आकृति लहरदार होती हैं ।

बरखान :- रेगिस्तान में रेत के अर्धचंद्राकार बड़े-बड़े टीले । यह एक स्थान से दूसरे स्थान गतिशील रहते हैं ।

लघु मरुस्थल :- महान थार मरुस्थल का पूर्वी भाग जो कच्छ से बीकानेर तक फैला है ।

लूनी बेसिन :- अजमेर के दक्षिण-पश्चिम से अरावली श्रेणी के पश्चिम में विस्तृत लूनी नदी का प्रवाह क्षेत्र है ।

बीहड़ भूमि :- चंबल नदी के द्वारा मिट्टी के भारी कटाव के कारण प्रवाह क्षेत्र में बन गई गहरी घाटियां व टीले ।

राजस्थान व मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलें - भिंड मुरैना,धौलपुर आदि में ऐसी बहुत-सी कंदराएँ (Revines) हैं ।

धरियन :- जैसलमेर जिलें के ऐसे भू-भाग, जहाँ आबादी लगभग नगन्य हैं, स्थानांतरित बालुका स्तूप को स्थानीय भाषा में इस नाम से पुकारते हैं ।

वागड़ प्रदेश :- बाँसवाड़ा व डूंगरपुर के पहाड़ी क्षेत्र को स्थानीय भाषा में वागड़ कहते हैं ।

बांगर प्रदेश :- यह अरावली पर्वत एवं पश्चिमी मरुस्थल के मध्य का भाग है जो मुख्यतः झुंझुनू, सीकर व नागौर जिलें में विस्तृत है ।

छप्पन के मैदान :- बाँसवाड़ा व प्रतापगढ़ के बीच माही बेसिन में 56 ग्राम समूहों (56 नदी नालों का प्रवाह क्षेत्र) का क्षेत्र ।

पीड़मांट :- अरावली श्रेणी में देवगढ़ के समीप स्थित पृथक निर्जन ।

मैदान :- पहाड़िया जिनके उच्च भू-भाग टीलेनुमा हैं ।

बिजासण का पहाड़ :- मांडलगढ़ के कस्बे के पास स्थित है ।

विंध्याचल पर्वत :- राजस्थान के दक्षिण-पूर्व में तथा मध्य प्रदेश में स्थित है ।

भभूल्या :- राजस्थान में छोटे छेत्र में उत्पन्न वायु भंवर को स्थानीय भाषा में भभूल्या कहते हैं ।

पुरवइयाँ :- बंगाल की खाड़ी से आने वाली मानसूनी हवाओं को राजस्थान के स्थानीय भाषा में पुरवइयाँ (पुरवाई) कहते हैं ।

शुष्क मरुस्थल

उत्तर पश्चिम मरुस्थल का वह क्षेत्र जहाँ वनस्पति नगण्य या नाम मात्र की पायी जाती है, तथा वर्षा बहुत ही कम मात्रा में होती है। इस क्षेत्र में वर्षा 0 से 25 से.मी. तक होती है।
इस क्षेत्र में कांटेदार झाड़ियां बहुतायात में पायी जाती है।

1. **बालूका स्तूप युक्त प्रदेश** :- उत्तर पश्चिम मरुस्थल का वह क्षेत्र जहाँ धोरे/टीले या टीलों का निर्माण भी होता है। बालुका स्तूप युक्त प्रदेश है।

बालूका स्तूप युक्त प्रदेश के अन्तर्गत राज्य की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित चारों जिलें गंगा नगर बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर तथा चुरू व पश्चिमी नागौर एवं जोधपुर जिला शामिल है।

2. **बालूका स्तूप मुक्त प्रदेश** :- उत्तर पश्चिम मरुस्थल का वह क्षेत्र जहाँ धोरों का निर्माण नहीं होता है अर्थात् वह क्षेत्र जो चट्टानों से अच्छादित है, बालुका स्तूप मुक्त प्रदेश है।

इस क्षेत्र में जुरासिक काल के जीवाश्म के अवशेष पाये जाते है इसका उदाहरण जैसलमेर जिलें में स्थित आंकल गाँव में 'वुड फॉसिल पार्क' है।

नोट :- राज्य का सबसे न्यूनतम वर्षा वाला स्थान सम गाँव जैसलमेर जिलें में स्थित है तथा यही

गाँव (सम गाँव) राज्य का न्यूनतम वनस्पति या वनस्पति रहित क्षेत्र है।

इस क्षेत्र में जैसलमेर जिलें की पोकरण तहसील, बाड़मेर जिलें की छप्पन की पहाडियाँ, फलोदी तहसील का कुछ क्षेत्र इस प्रदेश के अन्तर्गत आता है।

अर्द्ध शुष्क मरुस्थल

शुष्क मरुस्थल तथा अरावली के मध्य का क्षेत्र अर्द्ध शुष्क मरुस्थल के नाम से जाना जाता है।

यह प्रदेश शुष्क मरुस्थल से 25 से.मी. वर्षा रेखा द्वारा तथा अरावली प्रदेश में 50 से.मी. वर्षा द्वारा विभाजित होता है।

इस प्रदेश के अन्तर्गत पूर्वी चुरू, पश्चिमी झुन्झुनू, सीकर तथा जोधपुर , नागौर, पाली व अजमेर का अधिकांश भाग तथा बाड़मेर का दक्षिण-पूर्वी भाग शामिल है।

धरातल के आधार पर हम अर्द्धशुष्क मरुस्थल को 4 भागों में बांट सकते है।

1. घग्घर का मैदान
2. शेखावाटी का अन्तः प्रवाह क्षेत्र
3. नागौर का पठार
4. लूनी बेसिन/गोड़वाना प्रदेश

घग्घर का मैदान

राज्य के श्रीगंगानगर तथा हनुमानगढ़ जिलें में घग्घर नदी का प्रवाह क्षेत्र को घग्घर का मैदान के नाम से जाना जाता है।

घग्घर नदी का पाट स्थानीय भाषा में 'नाड़ी'तथा घग्घर नदी का मैदान स्थानीय भाषा में 'बग्गी' कहलाता है। घग्घर नदी के इस प्रवाही क्षेत्र में भूरी मटीयार मिट्टी पायी जाती है।

नोट :- हनुमानगढ़, गंगानगर के क्षेत्र में पत्थर की परत है जिसके कारण पानी जमीन के पेटे तक नहीं बैठ पाता है तथा ऊपर ही बचा रहता है तथा कुछ समय बाद दल - दल में परिवर्तित हो जाता है । इस दल - दल के परिणाम स्वरूप वातावरण में होने वाले समस्त परिवर्तनों को सेम समस्या कहा जाता है।

नोट :-हनुमानगढ़ जिलें का बंडो पोल गाँव सेम समस्या के लिए प्रदेश में जाना जाता है।

शेखावाटी का अन्तः प्रवाह क्षेत्र

- माना जाता कि शेखावाटी को राव शेखा द्वारा बसाया गया था। अतः इस क्षेत्र को शेखावाटी नाम से जाना जाता है। इसके अन्तर्गत राज्य के सीकर, चुरू व झन्झनूं जिलें आते है।
- इस क्षेत्र में चुने की विशाल परत पायी जाती है। इसी कारण यहां गर्मियों में अधिकांश गर्मियों तथा सर्दियों में अधिकांश सर्दी का अनुभव होता है।

नोटः- इसी परत के कारण राज्य का सबसे ठण्डा एवं गर्म दोनों चुरू ही है।

नोटः- राज्य का सर्वाधिक वार्षिक तापान्तर वाला जिला चुरू एवं न्यूनतम तापान्तर वाला जिला डूंगरपुर है।

नोटः- शेखावाटी क्षेत्र में कुओं को स्थानीय भाषा में जोहड़ या नाड़ा कहा जाता है, तथा कुओं को अधिक गहरा करने को चोभी कहते है।

नोटः- ढूढाड क्षेत्र में कुओं को बेरी कहा जाता है।

नागौर का पठार

- नागौर क्षेत्र की भूमि में सतही मिट्टी पर नमक की मात्रा पाई जाती है। अतः इस क्षेत्र में पाई जाने वाली झीलें अधिकांशतः खारे पानी की झीलें है।
- इस क्षेत्र में भूमिगत जल में फ्लोराइड की मात्रा पाई जाती है, जिससे फ्लोरोसिस नामक रोग हो जाता है । इस रोग के कारण दांत पीले पड़ जातें है, तथा हड्डियां गलने लगती है। इसे कुबड़ समस्या भी कहा जाता है। अतः फ्लोराईड युक्त जल पट्टी का विस्तार 'कुबड़ पट्टी 'कहलाता है।
- राज्य के नागौर तथा अजमेर जिलें में 'कुबड़ पट्टी'का विस्तार पाया जाता है।
- राज्य में सरिस्का के अतिरिक्त नागौर का पठार ऐसा क्षेत्र है जहाँ हरे कबूतर पाये जाते है। हरे कबूतर मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश राज्य में पाये जाते है।

लूणी बेसिन/गौड़वाणा प्रदेश

- लूनी नदी व इसकी सहायक नदियों का प्रवाह क्षेत्र मुख्य रूप से पाली, जोधपुर , नागौर, बाड़मेर , जालौर व अजमेर जिलें का क्षेत्र जहाँ लूनी नदी प्रवाहित होती है, लूनी बेसिन के नाम से जाना जाता है।
- इस क्षेत्र में बाड़मेर जिलें में छप्पन की पहाड़ियाँ स्थित है जिनका विस्तार जालौर जिलें में भी है । इन पहाड़ियों में ग्रेनाइट पाया जाता है। इस कारण

नोट – प्रिय पाठकों ,यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **"राजस्थान P.T.I. (शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक)" (3rd Grade)"- 2022 (PAPER -I)"** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

संपर्क करें – 8233195718, 8504091672, 9694804063, 9887809083

प्रिय दोस्तों, अब तक हमारे नोट्स में से अन्य परीक्षाओं में आये हुए प्रश्नों के परिणाम –

EXAM (परीक्षा)	DATE	हमारे नोट्स में से आये हुए प्रश्न
RAS PRE. 2021	27 अक्टूबर	74 (cut off- 64)
SSC GD 2021	16 नवम्बर	68 (100 में से)
SSC GD 2021	30 नवम्बर	66 (100 में से)
SSC GD 2021	01 दिसम्बर	65 (100 में से)
SSC GD 2021	08 दिसम्बर	67 (100 में से)
राजस्थान S.I. 2021	13 सितम्बर	113 (200 में से)
राजस्थान S.I. 2021	14 सितम्बर	119 (200 में से)
राजस्थान S.I. 2021	15 सितम्बर	126 (200 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्टूबर (1st शिफ्ट)	79 (150 में से)

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	103 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	24 अक्तूबर (1st शिफ्ट)	95 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	24 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	91 (150 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (1st शिफ्ट)	59 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	61 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	28 दिसंबर (1st शिफ्ट)	56 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	28 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	57 (100 में से)
U.P. SI 2021	14 नवम्बर 2021 1st शिफ्ट	91 (160 में से)
U.P. SI 2021	21नवम्बर2021 (1st शिफ्ट)	89 (160 में से)

दोस्तों, इनका proof देखने के लिए नीचे दी गयी लिंक पर क्लिक करें या हमारे youtube चैनल पर देखें –

RAS PRE. – https://www.youtube.com/watch?v=p3_i-3qfDy8&t=136s

VDO PRE. – https://www.youtube.com/watch?v=gXdAk856W18&t=202s

Patwari – https://www.youtube.com/watch?v=X6mKGdtXyu4&t=103s

अन्य परीक्षाओं में भी इसी तरह प्रश्न आये हैं Proof देखने के लिए हमारे youtube चैनल (Infusion Notes) पर इसकी वीडियो देखें या हमारे नंबरों पर कॉल करें।

FREE SAMPLE

संपर्क करें– 8233195718, 9694804063, 8504091672, 9887809083

ONLINE ORDER के लिए OFFICIAL WEBSITE	Website- https://bit.ly/3ct5pyA
PHONE NUMBER	+918233195718 +918504091672 9694804063 01414045784,
TELEGRAM CHANNEL	https://t.me/infusion_notes
FACEBOOK PAGE	https://www.facebook.com/infusion.notes
WHATSAPP करें 	https://wa.link/4mbler

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

अध्याय – 5

(अपवाह तंत्र)

नदियाँ एवं झीलें

प्रिय छात्रों इस अध्याय के अंतर्गत हम लोग "राजस्थान का अपवाह तंत्र" के बारे में अध्ययन करेंगे। सबसे पहले जानते हैं कि क्या होता है "अपवाह तंत्र"?

अपवाह तंत्र -

जब नदी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जल का प्रवाह करती है तब उसे अपवाह तंत्र कहते हैं।अपवाह तंत्र में नदियां एवं उसकी सहायक नदियां शामिल होती हैं।

(अ) बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ :

इस अपवाह तंत्र में निम्न प्रमुख नदियां शामिल होती हैं जैसे चंबल, बनास, काली सिंध, पार्वती, बाण गंगा, खारी, बेडच, गंभीरी आदि। ये नदियां अरावली के पूर्व में बहती हैं इनमें कुछ नदियों का उद्गम स्थल अरावली का पूर्वी घाट तथा कुछ का मध्यप्रदेश का विंध्याचल पर्वत है यह सभी नदियां अपना जल यमुना नदी के माध्यम से बंगाल की खाड़ी में ले जाती हैं।

(ब)अरब सागर में गिरने वाली नदियाँ :-

इस अपवाह तंत्र में इन निम्न प्रमुख नदियां शामिल हैं जैसे माही, सोम, जाखम, साबरमती, पश्चिमी बनास, लूणी, इत्यादि । पश्चिमी बनास, लूनी गुजरात के कच्छ के रण में विलुप्त हो जाती हैं, ये सभी नदियां अरब सागर की ओर अपना जल लेकर जाती हैं।

(स)अंतः प्रवाह वाली नदियां -

बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियां और अरब सागर में गिरने वाली नदियों के अलावा कुछ छोटी नदियां भी हैं जो कुछ दूरी तक प्रभाव में होकर राज्य में अपने क्षेत्र में विलुप्त हो जाती हैं तथा उनका जल समुद्र तक नहीं जा पाता इसलिए इन्हें आंतरिक प्रवाह वाली नदियां कहा जाता है जैसे काकनी, कांतली, साबी घग्गर, मेंथा, बांडी, रूपनगढ़ इत्यादि ।

राजस्थान राज्य की नदियों से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य जो की परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं -

- राजस्थान की अधिकांश नदियों का प्रवाह क्षेत्र अरावली पर्वत की पूर्व में है
- राजस्थान में चंबल तथा माही के अलावा अन्य कोई नदी बारह मासी नहीं है ।
- राज्य में चूरू व बीकानेर ऐसे जिलें हैं जहाँ कोई नदी नहीं है ।
- गंगानगर में यद्यपि पृथक से कोई नदी नहीं है लेकिन वर्षा होने पर घग्गर नदी का बाढ़ का पानी सूरतगढ़, अनूपगढ़ तक चला जाता है ।
- राज्य के 60% भू-भाग पर आंतरिक जल प्रवाह का विस्तार है।
- राज्य में सबसे अधिक सतही जल चंबल नदी में उपलब्ध है।
- राज्य में बनास नदी का जल ग्रहण क्षेत्र सबसे बड़ा है।
- राज्य में सर्वाधिक नदियां कोटा संभाग में बहती हैं
- राज्य की सबसे बड़ी नदी चंबल है।
- राजस्थान की जीवन रेखा इंदिरा गांधी नहर परियोजना को कहते हैं ।
- रेगिस्तान की जीवन रेखा इंदिरा गांधी नहर परियोजना को कहते हैं
- पश्चिमी राजस्थान की जीवन रेखा इंदिरा गांधी नहर परियोजना को कहते हैं ।
- मारवाड़ की जीवन रेखा लूनी नदी को कहते हैं ।
- बीकानेर की जीवन रेखा कंवर सेन लिफ्ट परियोजना को कहते हैं ।
- राजसमंद की जीवन रेखा नंद समंद झील कहलाती है ।
- भरतपुर की जीवन रेखा मोती झील है ।
- गुजरात की जीवन रेखा नर्मदा परियोजना है।
- जमशेदपुर की जीवन रेखा स्वर्ण रेखा नदी को कहा जाता है इस नदी पर हुंडरू जल प्रपात स्थित है ।
- आदिवासियों की या दक्षिणी राजस्थान की जीवन रेखा माही नदी को कहा जाता है
- पूरे राज्य में बहने वाली सबसे बड़ी नदी बनास है
- भारत सरकार द्वारा राजस्थान भूमिगत जल बोर्ड की स्थापना की गई थी। 1955 में इस बोर्ड का नियंत्रण राजस्थान सरकार को सौंपा गया था। 1971 से इस बोर्ड को भू-जल विभाग के नाम से जाना जाता है इसका कार्यालय जोधपुर में है ।
- राज्य के पूर्णता बहने वाली सबसे लंबी नदी का सर्वाधिक जल ग्रहण क्षेत्र वाली नदी बनास है ।

- चंबल नदी पर भैंसरोडगढ़ (चित्तौड़गढ़) के निकट चूलिया जल प्रपात तथा मांगली नदी पर बूंदी में "भीमलत प्रपात" है।
- सर्वाधिक जिलों में बहने वाली नदियां चंबल, बनास,लूणी है जो कि प्रत्येक नदी 6 जिलों में बहती है।
- अंतर्राज्यीय सीमा बनाने वाली नदी एक मात्र नदी है चंबल ,जो कि राजस्थान व मध्यप्रदेश की सीमा बनाती है।
- राजमहल (टोंक) नामक स्थान पर बनास, डाई और खारी नदी का त्रिवेणी संगम स्थित है यहां शिव एवं सूर्य की संयुक्त प्रतिमा स्थित है जो मार्तंड भैरव मंदिर या देवनारायण मंदिर के नाम से जाना जाता है यहां नारायण सागर बांध स्थित है।

- प्रिय छात्रों अब हम प्रत्येक अपवाह तंत्र को विस्तृत रूप से समझते हैं । सबसे पहले हम बंगाल की खाड़ी की ओर चले जाने वाली नदियों का अध्ययन करेंगे –

I. चंबल नदी

प्रिय छात्रों चंबल नदी के बारे में हम समझते हैं कि क्या है इसकी महत्वपूर्ण विशेषताएं -

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO



- चंबल नदी राजस्थान की एक मात्र ऐसी नदी है जो प्राकृतिक अंतर्राज्यीय सीमा निर्धारित करती है इस नदी को अन्य नामों से भी जाना जाता है इसके अन्य नाम है, चर्मणवती नदी, कामधेनु नदी, बारह मासी नदी, नित्य वाहिनी नदी ।
- इस नदी की कुल लंबाई 966 किलों मीटर है। यह नदी मध्यप्रदेश, राजस्थान व उत्तरप्रदेश अर्थात् 3 राज्यों में बहती है यह नदी मध्यप्रदेश में 335 किलों मीटर, राजस्थान में 135 किलों मीटर, उत्तरप्रदेश में 275 किलों मीटर बहती है यह नदी राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश के मध्य 241 किलों मीटर की अंतर्राज्यीय सीमा भी बनाती है।
- इस नदी का उद्गम स्थल मध्यप्रदेश राज्य के इंदौर जिलें हुआ । क्षेत्र के विंध्याचल पर्वतमाला में स्थित 616 मीटर ऊंची "जाना पाव की पहाड़ी" से होता है मध्यप्रदेश में मंदसौर जिला में स्थित रामपुरा भानपुरा के पठारों में स्थित इस नदी का सबसे बड़ा बांध "गांधी सागर बांध" बना हुआ है।
- यह नदी राजस्थान में सर्वप्रथम चित्तौड़गढ़ जिलें में स्थित चौरासीगढ़ नामक स्थान से प्रवेश करती है इस नदी पर भैंसरोडगढ़ के समीप सबसे बड़ा सबसे ऊंचा जल प्रपात बना है जिसे चूलिया जल प्रपात के नाम से जानते हैं।

- चंबल नदी पर चित्तौड़गढ़ जिलें के रावतभाटा नामक स्थान पर राणाप्रताप सागर बांध बना हुआ है, जो कि जल भराव की क्षमता से राज्य का सबसे बड़ा बांध है इस बांध का 113 वर्ग किलों मीटर में फैला हुआ है।
- चंबल नदी चित्तौड़गढ़ जिलें में बहने के बाद कोटा जिलें में प्रवेश करती है, कोटा जिलें में इस नदी पर जवाहर सागर व कोटा बैराज बांध बना हुआ है कोटा बैराज बांध जल विद्युत उत्पादन के लिए उपयोग में नहीं लिया जाता । कोटा जिलें के नानौरा नामक स्थान पर "काली सिंध नदी" चंबल में आकर मिल जाती है यह स्थान प्राचीन काल में कपिल मुनि की तपस्या स्थली रहा था।
- कोटा तथा बूंदी जिलें की सीमा निर्धारित करती हुई यह नदी बूंदी जिलें में प्रवेश करती है बूंदी जिलें की केशोरायपाटन नामक स्थान पर इस नदी का सर्वाधिक गहरा भाग है जो 113 मीटर की गहराई तक है बूंदी जिलें से आगे चल कर यह नदी कोटा तथा सवाईमाधोपुर की सीमा निर्धारित करती है।
- सवाईमाधोपुर जिलें के खंडार तहसील के रामेश्वर नामक स्थान पर बनास तथा सीप नदी चंबल में आकर मिलती है तथा यहां त्रिवेणी संगम बनाते हैं। सवाई माधोपुर जिलें के पालिया नामक स्थान पर चंबल नदी की सहायक नदी पार्वती इसमें आकर मिलती है। धौलपुर जिलें के पीलहाट होते हुए यह नदी राजस्थान से बाहर निकलती है और उत्तरप्रदेश राज्य में प्रवेश कर जाती है।
- अंत में यह नदी उत्तरप्रदेश राज्य के इटावा जिलें के मुरादगंज कस्बे में 725 किलों में किलों मीटर बहने के बाद यमुना में मिल जाती है यह यमुना की सबसे बड़ी सहायक नदी है।

चंबल नदी से संबंधित अन्य तथ्य -

- चंबल नदी राज्य के कुल अपवाह क्षेत्र का 20.90% भाग मे है। यह नदी "गागेयसूस" नामक स्तनपाई जीव के लिए प्रसिद्ध है।
- चंबल यूनेस्को की विश्व धरोहर के लिए नामित राज्य की एकमात्र नदी है बहाव क्षमता की दृष्टि से राज्य की सबसे लंबी नदी चंबल ही है।
- यह सर्वाधिक सतही जल वाली नदी है इसीलिए इसे "वाटरसफारी नदी" भी कहा जाता है।
- चंबल नदी से सर्वाधिक अवनालिका अपरदन कोटा जिलें में होता है।
- चंबल नदी राज्य के चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी, सवाईमाधोपुर, करौली और धौलपुर जिलें में बहती है।यह विश्व की एकमात्र ऐसी नदी है जिस पर प्रत्येक 100 किलों मीटर की दूरी पर 3 बड़े बांध बने हुए है और तीनों ही बांध से जल विद्युत उत्पादन होता है।
- चंबल नदी में घड़ियाल सर्वाधिक मात्रा में पाए जाते हैं इस कारण चंबल नदी को घड़ियालों की जन्मस्थली कहा जाता है।

चंबल की सहायक नदियां –

- मध्यप्रदेश में मिलने वाली नदियां - सीवान, रेतम, शिप्रा ।
- राजस्थान में मिलने वाली नदियां - आलनिया, परवण, बनास, कालीसिंध, पार्वती, बामणी, कुराल, छोटी काली सिंध आदि

चंबल नदी पर चार बांध बनाए गए हैं -

1. गांधी सागर बांध - मध्यप्रदेश की भानपुरा तहसील में
2. राणाप्रताप सागर बांध - रावतभाटा (चित्तौड़गढ़).
3. जवाहर सागर बांध - बोरा बास, कोटा
4. कोटा बैराज बांध - कोटा शहर

2. बनास नदी –

- बनास नदी का उद्गम राजसमंद जिलें में स्थित खमनोर की पहाड़ियां से होता है पूर्णत: प्रवाह के आधार पर यह राजस्थान की सबसे लंबी नदी है इसकी कुल लंबाई 480 किलों मीटर है।
- इस नदी को अन्य नामों से जाना जाता है जैसे वन की आशा, वर्णाशा, वनआशा, वशिष्ठ नदी।
- यह नदी 6 जिलों में बहती है यह 6 जिलें क्रम से है राजसमंद, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, टोंक, सवाईमाधोपुर ।इस नदी के प्रवाह क्षेत्र में भूरी मिट्टी के क्षेत्र का प्रसार पाया जाता है।
- भीलवाड़ा जिलें के बीगोद नामक कस्बे के समीप बनास, बेडच और मेनाल का त्रिवेणी संगम स्थित है।
- टोंक जिलें में देवली नामक स्थान पर बनास नदी में खारी नदी मिलती है बनास नदी टोंक जिलें में सर्पाकार आकार की हो जाती है। टोंक जिलें के

नोट – प्रिय पाठकों ,यदि आपको हमारे नोट्स के सैंपल अच्छे लगे हों तो कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए नीचे दिए गये **हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें** , हमें पूर्ण विश्वास है कि ये नोट्स आपकी **"राजस्थान P.T.I. (शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक)" (3rd Grade)"- 2022 (PAPER -I)"** की परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगे, धन्यवाद /

संपर्क करें – 8233195718, 8504091672, 9694804063, 9887809083

प्रिय दोस्तों, अब तक हमारे नोट्स में से अन्य परीक्षाओं में आये हुए प्रश्नों के परिणाम –

EXAM (परीक्षा)	DATE	हमारे नोट्स में से आये हुए प्रश्न
RAS PRE. 2021	27 अक्टूबर	74 (cut off- 64)
SSC GD 2021	16 नवम्बर	68 (100 में से)
SSC GD 2021	30 नवम्बर	66 (100 में से)
SSC GD 2021	01 दिसम्बर	65 (100 में से)
SSC GD 2021	08 दिसम्बर	67 (100 में से)
राजस्थान S.I. 2021	13 सितम्बर	113 (200 में से)
राजस्थान S.I. 2021	14 सितम्बर	119 (200 में से)
राजस्थान S.I. 2021	15 सितम्बर	126 (200 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्टूबर (1st शिफ्ट)	79 (150 में से)

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

RAJASTHAN PATWARI 2021	23 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	103 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	24 अक्तूबर (1st शिफ्ट)	95 (150 में से)
RAJASTHAN PATWARI 2021	24 अक्तूबर (2nd शिफ्ट)	91 (150 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (1st शिफ्ट)	59 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	27 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	61 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	28 दिसंबर (1st शिफ्ट)	56 (100 में से)
RAJASTHAN VDO 2021	28 दिसंबर (2nd शिफ्ट)	57 (100 में से)
U.P. SI 2021	14 नवम्बर 2021 1st शिफ्ट	91 (160 में से)
U.P. SI 2021	21नवम्बर2021 (1st शिफ्ट)	89 (160 में से)

दोस्तों, इनका proof देखने के लिए नीचे दी गयी लिंक पर क्लिक करें या हमारे youtube चैनल पर देखें –

RAS PRE. – https://www.youtube.com/watch?v=p3_i-3qfDy8&t=136s

VDO PRE. – https://www.youtube.com/watch?v=gXdAk856W18&t=202s

Patwari – https://www.youtube.com/watch?v=X6mKGdtXyu4&t=103s

अन्य परीक्षाओं में भी इसी तरह प्रश्न आये हैं Proof देखने के लिए हमारे youtube चैनल (Infusion Notes) पर इसकी वीडियो देखें या हमारे नंबरों पर कॉल करें।

FREE SAMPLE

संपर्क करें– 8233195718, 9694804063, 8504091672, 9887809083

ONLINE ORDER के लिए OFFICIAL WEBSITE	Website- https://bit.ly/3ct5pyA
PHONE NUMBER	+918233195718 +918504091672 9694804063 01414045784,
TELEGRAM CHANNEL	https://t.me/infusion_notes
FACEBOOK PAGE	https://www.facebook.com/infusion.notes
WHATSAPP करें 	https://wa.link/4mbler

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

राजस्थान का इतिहास

अध्याय – I

राजस्थान की प्राचीन संस्कृति और सभ्यता

कालीबंगा, आहड़, गणेश्वर, बैराठ

राजस्थान की प्राचीन सभ्यताएं

I. कालीबंगा की सभ्यता –

इस सभ्यता की खोज : –

इस सभ्यता की सबसे पहले जानकारी देने वाले एक पुरातत्ववेत्ता एवं भाषा शास्त्री लुईसपीतैसीतौरी थे। इन्होंने इस सभ्यता के बारे में सबसे पहले परिचय दिया लेकिन इस सभ्यता की तरफ किसी का पूर्णरूप सेध्या न नहीं था इसलिए इसकी खोजन हीं हो पाई।

इस सभ्यता के खोजकर्ता अमलानंद घोष हैं। उन्होनें 1952 में सबसे पहले इस सभ्यता की खोज की थी।

इनके बाद में इस सभ्यता की खोज दो अन्य व्यक्तियों के द्वारा भी की गई थी जो 1961 से 1969 तक चली थी।

1.बृजवासीलाल

2.बीके (बालकृष्ण) थापर इन्हीं दोनों ने इस सभ्यता की विस्तृत रूप से खोज की थी

यह सभ्यता की विशेषताएं –

इस सभ्यता की सड़कें एक दूसरे को समकोण पर काटती थीं इसलिए यहां पर मकान बनाने की पद्धति को "ऑक्सफोर्ड पद्धति" कहते हैं। इसी पद्धति को जाल पद्धति, ग्रीक, चेम्सफोर्ड पद्धति के नाम से भी जानते हैं।

मकान कच्ची एवं पक्की ईट के बने हुए थे, आरम्भ यह कच्ची ईटे थीं इसलिए इस सभ्यता को दीन हीन सभ्यता भी कहते हैं इन ईटों का आकार 30 x 15 x 7.5 है।

इन मकानों की खिड़की एवं दरवाजे पीछे की ओर होते थे

यहां पर जो नालियां बनी हुई थी वह लकड़ी (काष्ठ) की बनी होती थी। आगे चलकर इन्हीं नालियों का निर्माण पक्की ईटों से होता था (विश्व में एकमात्र ऐसा स्थान जहां लकड़ियों की बनी नालियां मिली है वह कालीबंगा स्थल है)

विश्व की प्राचीनतम जुते हुए खेत के प्रमाण इसी सभ्यता से मिलते हैं।

यहां पर मिले हुए मकानों के अंदर की दीवारों में दरारें मिलती हैं इसलिए माना जाता है कि विश्व में प्राचीनतम भूकंप के प्रमाण यहीं से प्राप्त होते हैं।

यहां के लोग एक साथ में दो फसलें करते थे अर्थात् फसलों के होने के प्रमाण भी यहीं से मिलते हैं जौ और गेहूं।

यहां पर उत्खनन के दौरान यज्ञकुंड / अग्नि वेदिकाएं प्राप्त हुए हैं यहां के लोग बलिप्रथा में भी विश्वास रखते थे।

इस सभ्यता का पालतू जानवर कुत्ता था । यह सभ्यता के लोग ऊंट से भी परिचित थे । इसके अलावा गाय, भैंस, बकरी, घोड़ा से भी परिचित थे।

विश्व में प्राचीनतम नगर के प्रमाण यहीं पर मिले हैं, इसलिए इसे नगरीय सभ्यता भी कहते हैं यहां पर मूर्तिपूजा, देवी / देवता के पूजन, चित्रांकन या मूर्ति का कोई प्रमाण नहीं मिला है।

यहां पर समाधि प्रथा का प्रचलन था। यह समाधि तीन प्रकार की मिलती है अर्थात् तीन प्रकार से मृतक का अंतिम संस्कार किया जाता था

- अंडाकार गड्ढे खोद कर व्यक्ति को दफनाना । इस गड्ढे में व्यक्ति का सिर उत्तर की ओर पैर दक्षिण की ओर होते थे
- अंडाकार गड्ढे खोदकर व्यक्ति को तोड़मरोड़ कर इकट्ठा करके दफनाना
- एक खड्डा खोदकर व्यक्ति के साथ आभूषण को दफनाना ।

स्वास्तिक चिन्ह का प्रमाण इसी कालीबंगा सभ्यता से प्राप्त होता है इस स्वास्ति क चिन्ह का प्रयोग यहां के लोग वास्तुदोष को दूर करने के लिए किया करते थे ।

कालीबंगा की सभ्यता और मेसोपोटामिया की सभ्यता की समानता के प्रमाण बेलनाकार बर्तन मिलते हैं।

यहां पर एक कपाल मिलता है जिसमें छः प्रकार के छेद थे। जिससे अनुमान लगाया जाता है कि यहां के लोग शल्य चिकित्सा से परिचित थे अर्थात् शल्य चिकित्सा के प्राचीनतम प्रमाण इसी सभ्यता से मिलते हैं।

यहां पर एक सिक्का प्राप्त होता है जिस के एक ओर स्त्री का चित्र है तथा दूसरी ओर चीता का चित्र बना हुआ है अर्थात् अनुमान लगाया जा सकता है कि यहां पर परिवार की मातृसत्तात्मक प्रणाली का प्रचलन था।

कालीबंगा सभ्यता को सिंधु सभ्यता की तीसरी राजधानी कहा जाता है।

कालीबंगा सभ्यता में इस सभ्यता में पुरोहित का प्रमुख स्थान होता था।

इस सभ्यता के लोग मध्य एशिया से व्यापार करते थे, इसका प्रमाण सामूहिक तंदूर से मिलता है क्योंकि तंदूर मध्य एशिया से सम्बंधित है।

इस सभ्यता के भवनों का फर्श सजावट एवं अलंकृत के रूप में मिलता है।

<u>आहड़ सभ्यता : -</u>

इस सभ्यता का विकास राजस्थान के उदयपुर जिलें में स्थित आहड़ नामक स्थान पर हुआ अर्थात् इस सभ्यता का सर्वप्रथम प्रमाण आहड़ नामक स्थान पर हुए उत्खनन से प्राप्त हुए थे।

यह सभ्यता आयड़ नदी के किनारे विकसित हुई आयड़ नदी उदयपुर की उदयसागर झील से इस नाम से जानी जाती है। चित्तौड़गढ़ नगर बेडच नदी के किनारे बसा है जबकि चित्तौड़गढ़ दुर्ग बेडच नदी और गंभीरी नदी के किनारे बसा है। बेडच नदी बनास नदी की सहायक नदी है इसलिए कहा जाता है कि यह नदी यह सभ्यता बनास नदी के किनारे विकसित हुई।

इस सभ्यता से मिले हुए प्रमाणो के आधार पर इसे दो कालों में बांटा गया है -

1.ताम्रकालीन सभ्यता 2. लोहयुगीन सभ्यता

यहां पर तांबे के और लोहे के अवशेष मिले हैं।

<u>इस सभ्यता के प्राचीन नाम : -</u>

1. ताम्रवती नगरी – इस सभ्यता के लोगों का प्रमुख उद्योग तांबे से संबंधित था इसलिए इसे ताम्रवती नगरी के नाम से भी जानते हैं

2. आघाटपुर - क्योंकि यहां पर एक दुर्ग मिला है जिसे अघाट दुर्ग के नाम से जानते हैं।

3.आघाट दुर्ग

<u>उपनाम : -</u>

पुणे विश्व विद्यालय के पूर्व प्रोफेसर धीरज लाल सांकलिया ने इसे आहड़ सभ्यता का नाम दिया। इसे बनास संस्कृति के नाम से भी जानते हैं। इस सभ्यता का उत्खनन धीरज लाल संकलिया के द्वारा भी किया गया था।

धीरज लाल सांकलिया को खुदाई के दौरान यहां से एक 40 फीट का गहरा गड्ढा मिला था जो इस बात का प्रमाण है कि इस सभ्यता का 8 बार विकास हुआ और 8 बार पनपी थी। इसलिए इस सभ्यता को मृतकों के टीले की सभ्यता के नाम से भी जानते हैं।

<u>नोट</u> : -यहां सेमिले प्रमाणों के आधार पर कहा जाता है कि यह एक ग्रामीण सभ्यता थी अर्थात् या नगरीय सभ्यता के प्रमाण नहीं मिले हैं जबकि कालीबंगा सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी।

इस सभ्यता का उत्खनन कार्य -

इस सभ्यता का उत्खनन कार्य निम्न चार लोगों ने किया -

1.पंडित अक्षय कीर्तिव्यास

2.रतनचंद्र अग्रवाल आरसी अग्रवाल

3.बीएन मिश्रा एवं संकलिया

4.विजय कुमार एवं पीसी. चक्रवर्ती

इस सभ्यता के उत्खनन का कार्य सर्वप्रथम 1953 में पंडित अक्षय कीर्ति व्यास के द्वारा किया गया।

रतनचंद्र अग्रवाल ने इस सभ्यता का व्यापक रूप से अध्ययन किया। यहां पर मिले एक बड़े टीले का उन्होनें अध्ययन किया जिसे धूलकोट का टीला कहा जाता है।

पुणे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर धीरज लाल संकलिया एवं बीएन मिश्रा को भारत सरकार ने इस स्थल का उत्खनन कार्य करने के लिए सन् 1961-62 में नियुक्त किया।

राजस्थान सरकार की ओर से इस सभ्यता का उत्खनन कार्य करने के लिए विजय कुमार एवं पीसी चक्रवर्ती को नियुक्त किया गया था ।

<u>इस सभ्यता की प्रमुख विशेषताएं -</u>

इस सभ्यता का उत्खनन कार्य तीन स्तरों में किया गया।

पहले स्तर के उत्खनन कार्य में स्फटिक पत्थर की अधिकता सबसे ज्यादा मिली है। इन पत्थरों का

महाराणा बनाया गया। फ़तहसिंह कुटनीतिज्ञ, साहसी स्वाभिमानी और दूरदर्शी थे। संत प्रवृति के व्यक्तित्व थे। इनके कार्यकाल में ही किंग जार्ज पंचम ने दिल्ली को देश की राजधानी घोषित करके दिल्ली दरबार लगाया। महाराणा दरबार में नहीं गए ।

महाराणा भूपाल सिंह (1930 – 1955 ई०)

इनके समय में भारत को स्वतन्त्रता मिली और भारत या पाक मिलने की स्वतंत्रता। भोपाल के नवाब और जोधपुर के महाराज हनुवंत सिंह पाक में मिलना चाहते थे और मेवाड़ को भी उसमें मिलाना चाहते थे। इस पर उन्होनें कहा कि मेवाड़ भारत के साथ था और अब भी वहीं रहेगा। यह कह कर वे इतिहास में अमर हो गये। स्वतंत्र भारत के वृहद राजस्थान संघ के भूपाल सिंह प्रमुख बनाये गये। महाराणा भोपाल सिंह जी ने भोपालसागर बनाया और वहाँ एक विशाल तालाब का निर्माण भी करवाया।

महाराणा भगवत सिंह (1955 – 1984 ई०)

महाराणा महेन्द्र सिंह (1984 ई०)

इस तरह 556 ई० में जिस गुहिल वंश की स्थापना हुई बाद में वही सिसोदिया वंश के नाम से जाना गया। जिसमें कई प्रतापी राजा हुए, जिन्होने इस वंश की मानमर्यादा, इज्जत और सम्मान को न केवल बढाया बल्कि इतिहास के गौरवशाली अध्याय में अपना नाम जोडा। आज राजस्थान का इतिहास इन्ही वीरो की शहादत का पर्याय बन गया है।

• रणथम्भौर और दिल्ली सल्तनत

- हम्मीर चौहान (1282-1301 ई.) अपने पिता जैत्रसिंह का तीसरा पुत्र था। सभी पुत्रों में योग्य होने के कारण उसका राज्यारोहण उत्सव जैत्रसिंह ने अपने जीवनकाल में ही 1282 ई. में सम्पन्न करवा दिया था।
- वह रणथंभौर के चौहान शासकों में अंतिम परंतु सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण शासक था और उसके शासनकाल की जानकारी अनेकानेक ऐतिहासिक साधनों से प्राप्त होती है। मुस्लिम इतिहासकारों, अमीर खुसरो तथा जियाउद्दीन बरनी की रचनाओं के अलावा न्यायचंद्र सूरी के हम्मीर महाकाव्य, चंद्रशेखर के सुर्जन चरित्र और बाद में लिखे गये हिन्दी ग्रन्थों - जोधराजकृत हम्मीर रासो तथा चंद्रशेखर के हम्मीर हठ में हमें हम्मीर की शूरवीरता तथा विजयों का विस्तृत विवरण मिलता है।
- दिग्विजय के बाद हम्मीर ने कोटि यज्ञों का आयोजन किया जिससे उसकी प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई।
- मेवाड़ के शासक समरसिंह को पराजित कर हम्मीर ने अपनी धाक सम्पूर्ण राजस्थान में जमा दी।

हम्मीर और जलालुद्दीन खिलजी-

- हम्मीर को अपनी शक्ति बढ़ाने का मौका इसलिए मिल गया कि इस दौरान दिल्ली में कमजोर सुल्तानों के कारण अव्यवस्था का दौर चल रहा था।
- 1290 ई. में दिल्ली का सुल्तान बनने के बाद जलालुद्दीन खिलजी ने हम्मीर की बढ़ती हुई शक्ति को समाप्त करने का निर्णय लिया। सुल्तान ने झाँई पर अधिकार कर रणथम्भौर को घेर लिया किन्तु सभी प्रयत्नों की असफलता के बाद शाही सेना को दिल्ली लौट जाना पड़ा।
- सुल्तान ने 1292 ई. में एक बार फिर रणथम्भौर विजय का प्रयास किया। हम्मीर के सफल प्रतिरोध के कारण इस बार भी उसे निराशा ही हाथ लगी।
- जलालुद्दीन ने यह कहते हुए दुर्ग का घेरा हटा लिया कि "मैं ऐसे सैंकड़ों किलों को भी मुसलमान के एक बाल के बराबर महत्त्व नहीं देता।"
- जलालुद्दीन फिरोज खिलजी के इन अभियानों का आँखों देखा वर्णन ***अमीर खुसरो ने 'मिफ्ता-उल-फुतूह'*** नामक ग्रंथ में किया है।

हम्मीर और अलाउद्दीन खिलजी –

- 1296 ई. में अलाउद्दीन खिलजी अपने चाचा जलालुद्दीन खिलजी की हत्या कर दिल्ली का सुल्तान बन गया।

अलाउद्दीन खिलजी ने रणथम्भौर पर आक्रमण करने प्रारम्भ कर दिये जिनके निम्नलिखित कारण थे –

1. रणथम्भौर सामरिक दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण था। अलाउद्दीन खिलजी इस अभेद दुर्ग पर अधिकार कर राजपूत नरेशों पर अपनी धाक जमाना चाहता था।
2. रणथम्भौर दिल्ली के काफी निकट था। इस कारण यहाँ के चौहानों की बढ़ती हुई शक्ति को अलाउद्दीन खिलजी किसी भी स्थिति में सहन नहीं कर सकता था।
3. अलाउद्दीन खिलजी से पहले उसके चाचा जलालुद्दीन खिलजी ने इस दुर्ग पर अधिकार करने

के लिए दो बार प्रयास किए थे किन्तु वह असफल रहा। अलाउद्दीन खिलजी अपने चाचा की पराजय का बदला लेना चाहता था।

५. अलाउद्दीन खिलजी एक महत्त्वाकांक्षी और साम्राज्यवादी शासक था। रणथम्भौर पर आक्रमण इसी नीति का परिणाम था।

हम्मीर द्वारा अलाउद्दीन खिलजी के विद्रोहियों को शरण देना –

- नयनचन्द्र सूरी की रचना 'हम्मीर महाकाव्य' के अनुसार रणथम्भौर पर आक्रमण का कारण यहाँ के शासक हम्मीर द्वारा अलाउद्दीन खिलजी के विद्रोही सेनापति मीर मुहम्मद शाह को शरण देना था।
- मुस्लिम इतिहासकार इसामी ने भी अपने विवरण में इसी कारण की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा है कि 1299 ई. में अलाउद्दीन खिलजी ने अपने दो सेनापतियों उलूग खां व नुसरत खां को गुजरात पर आक्रमण करने के लिए भेजा था।
- गुजरात विजय के बाद जब यह सेना वापिस लौट रही थी तो जालौर के पास लूट के माल के बंटवारे के प्रश्न पर 'नव-मुसलमानों' (जलालुद्दीन फिरोज खिलजी के समय भारत में बस चुके वे मंगोल, जिन्होंने इस्लाम स्वीकार कर लिया था) ने विद्रोह कर दिया। यद्यपि विद्रोहियों का बर्बरता के साथ दमन कर दिया गया किन्तु उनमें से मुहम्मदशाह व उसका भाई कैहब्रु भाग कर रणथम्भौर के शासक हम्मीर के पास पहुँचने में सफल हो गया।
- हम्मीर ने न केवल उन्हें शरण दी अपितु मुहम्मदशाह को 'जगाना' की जागीर भी दी। चन्द्रशेखर की रचना 'हम्मीर हठ' के अनुसार अलाउद्दीन खिलजी की एक मराठा बेगम से मीर मुहम्मदशाह को प्रेम हो गया था और उन दोनों ने मिलकर अलाउद्दीन खिलजी को समाप्त करने का एक षड़यंत्र रचा।

अलाउद्दीन का चितोड़ पर आक्रमण

- अलाउद्दीन खिलजी की तरफ से इन विद्रोहियों को सौंप देने की माँग की गई। इस माँग को जब हम्मीर द्वारा ठुकरा दिया गया तो अलाउद्दीन खिलजी की सेना ने रणथम्भौर पर आक्रमण कर दिया।
- 1299 ई. के अंत में अलाउद्दीन खिलजी ने उलूग खां, अलप खां और नुसरत खां के नेतृत्व में एक सेना रणथम्भौर पर अधिकार करने के लिए भेजी। इस सेना ने 'रणथम्भौर की कुँजी' झाँई पर अधिकार कर लिया। इसामी के अनुसार विजय के बाद उलूग खां ने झाँई का नाम बदलकर 'नौ शहर' कर दिया।
- 'हम्मीर महाकाव्य' में लिखा है कि हम्मीर इस समय कोटियज्ञ समाप्त कर 'मुनिव्रत' में व्यस्त था। इस कारण स्वयं न जाकर अपने दो सेनापतियों – भीमसिंह व धर्मसिंह को सामना करने के लिए भेजा। इन दोनों सेनापतियों ने सेना को पीछे की तरफ खदेड़ दिया तथा उनसे लूट का माल छिन लिया।
- राजपूत सेना ने शत्रु सेना पर भयंकर हमला किया जिसमें अलाउद्दीन खिलजी की सेना को पराजय का सामना करना पड़ा। शाही सेना से लूटी गई सामग्री लेकर धर्मसिंह के नेतृत्व में सेना का एक दल तो रणथम्भौर लौट गया किन्तु भीमसिंह पीछे रह गया। इस अवसर का लाभ उठाकर बिखरी हुई शाही सेना ने अलपखां के नेतृत्व में उस पर हमला कर दिया। इस संघर्ष में भीमसिंह अपने सैंकड़ों सैनिकों सहित मारा गया। भीमसिंह की मृत्यु के लिए हम्मीर ने धर्मसिंह को उत्तरदायी मानते हुए उसे अंधा कर दिया और उसके स्थान पर भोजराज को नया मंत्री बनाया।
- झाँई विजय के बाद उलूग खां ने मेहलनसी नामक दूत के साथ हम्मीर के पास अलाउद्दीन खिलजी का संदेश पुनः भिजवाया। इस संदेश में दोनों विद्रोहियों – मुहम्मदशाह व उसके भाई कैहब्रु को सौंपने के साथ हम्मीर की बेटी देवलदी का विवाह सुल्तान के साथ करने की माँग की गई थी। यद्यपि देवलदी ने राज्य की रक्षा के लिए इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने की सुझाव दिया किन्तु हम्मीर ने संघर्ष का रास्ता चुना।
